आकाशवाणी

क्षेत्रीय समाचार एकांश

देहरादून (उत्तराखण्ड)

रविवार 03.08.2025

मुख्य समाचार :–

- आजादी का अमृत महोत्सव के तहत चमोली जिले में 2 अगस्त से हर घर तिरंगा अभियान की शुरुआत हुई।
- 130 इन्फैंट्री बटालियन (प्रादेशिक सेना) की भर्ती रैली 18 से 23 अगस्त तक पिथौरागढ़ में आयोजित की जाएगी।
- विश्व प्रसिद्ध हेमकुंड साहिब के कपाट आगामी 10 अक्तूबर को शीतकाल के लिए बंद किए जाएंगे।
- और.... मौसम विभाग ने आज देहरादून, बागेश्वर और नैनीताल जिलों में मूसलाधार बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। राजधानी देहरादून में झमाझम बारिश।

आजादी का अमृत महोत्सव

आजादी का अमृत महोत्सव के तहत चमोली जिले में तीन चरणों में हर घर तिरंगा कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम के तहत जिले के विभिन्न स्थानों पर तिरंगा रैली, प्रदर्शनी, देशभक्ति सांस्कृतिक कार्यक्रमों को आयोजन किया जाएगा।

मुख्य विकास अधिकारी डा. अभिषेक त्रिपाठी ने बताया कि प्रथम चरण 2 अगस्त से 8 अगस्त तक विद्यालयों की दीवारों और बोर्डों पर तिरंगे से संबंधित चित्रों से साज सज्जा की जाएगी। साथ ही विद्यालयों और शैक्षणिक संस्थाओं में संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार की ओर से प्रदान की गई प्रदर्शनियों को प्रदर्शन किया जाएगा। 9 अगस्त से 12 अगस्त

तक कार्यक्रम का द्वितीय चरण आयोजित किया जाएगा। जिसमें तिरंगा महोत्सव के साथ ही विभिन्न विभागों की ओर से कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। जबकि 15 अगस्त के दिन कार्यक्रम का तृतीय चरण आयोजित किया जाएगा। इस दिन सरकारी और गैर सरकारी कार्यालयों में ध्वजारोहण और तिरंगा वितरण किया जाएगा। उन्होंने सभी विभागाध्यक्षों को कार्यक्रम के आयोजन को लेकर व्यवस्थाएं चाक–चौबंध करने के निर्देश दिए है।

## भर्ती

130 इन्फैन्ट्री बटालियन (क्षेत्रीय सेना) की भर्ती रैली पिथौरागढ़ में 18 से 23 अगस्त 2025 के मध्य होगी। कमान अधिकारी ने बताया कि जूनियर कनिष्ठ अधिकारी के 01, जी.डी. के 91, लिपिक के 01, धोबी के 03, रसोईया के 06, बढई के 03, सफाई कर्मी के 02, दर्जी के  02, उपकरण मरम्मतकर्ता के  02, नाई के 03 तथा लौहार के के 01 पदों सहित कुल 115 पदों पर भर्ती की जानी है।

भर्ती के इच्छुक अभ्यर्थियों की 18 अगस्त को प्रमाण पत्रों की जांच और शारीरिक परीक्षण किया जाएगा, 19 व 21 को मेडीकल परीक्षण तथा 22 व 23 अगसत को साक्षात्कार का आयोजन किया जायेगा। भर्ती सम्बन्धी सभी प्रकार की कार्यवाही सुबह 06 बजे से बटालियन मुख्यालय पिथौरागढ के ग्राउण्ड में की जायेगी।

## वाइब्रेंट विलेज योजना

वाइब्रेंट विलेज योजना के तहत पिथौरागढ़ जिले के 48 गांवों का समग्र विकास किया जा रहा है। प्रथम चरण में चयनित 24 गांवों में गुंजी, कुटी, नाभि, नपलच्यू, बूढ़ी, गर्ब्यांग, रौंसला, गूंठी आदि गांव सम्मिलित हैं। जिलाधिकारी विनोद गोस्वामी की अध्यक्षता में वाइब्रेंट विलेजों में किए जा रहे कार्यों शिक्षा, चिकित्सा, विद्युत, पेयजल, ग्राम्य विकास, ग्रामीण निर्माण विभाग और अन्य विभागों की समीक्षा की गई।

बैठक में बताया गया कि योजना के अंतर्गत ट्रेकिंग रूटों का निर्माण, कैलाश म्यूजियम की स्थापना, हर वाइब्रेंट विलेज में सोलर लाइट्स, गूंजी में इनडोर स्टेडियम, सेब, कीवी व सिटरस फलों के बागवानी कार्य, तथा जड़ी–बूटी उत्पादन, दुग्ध उत्पादन को प्रोत्साहित करने जैसे नवाचार प्रस्तावित हैं, जिनसे ग्रामीणों की आय में वृद्धि होगी और स्थानीय स्तर पर स्वरोजगार को बढ़ावा मिलेगा।

पीएम किसान सम्मान निधि

प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की राशि पाकर उत्तराखंड के किसानों में उत्साह है। उधमसिंह नगर जिले के किसानों ने किसान सम्मान निधि की 20वीं किस्त मिलने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्र सरकार का आभार व्यक्त किया है।

गौरतलब है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कल वाराणसी से पीएम किसान सम्मान निधि की 20वीं किस्त जारी की थी। इस योजना के माध्यम से प्रदेश के लगभग 8 लाख 28 हजार किसानों के खातों में 184 करोड़ 25 लाख रुपये की धनराशि भेजी गई है।

हेमकुंड साहिब

चमोली जिले में स्थित विश्व प्रसिद्ध हेमकुंड साहिब के कपाट आगामी 10 अक्तूबर को शीतकाल के लिए बंद किए जाएंगे। इस वर्ष अब तक 2 लाख 28 हजार से अधिक श्रद्धालु मत्था टेक चुके हैं। हेमकुंड साहिब की यात्रा 25 मई से शुरू हुई थी। बरसात के बाद भी धाम में श्रद्धालुओं की संख्या में लगातार इजाफा हो रही है।

केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय

उच्च शिक्षा मंत्री डॉ धन सिंह रावत ने देवप्रयाग स्थित केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के श्री रघुनाथ कीर्ति परिसर का भ्रमण किया। इस दौरान

विश्वविद्यालय की शैक्षणिक गतिविधियों और प्राच्य परंपराओं के समन्वय को देखकर डॉ रावत ने प्रसन्नता व्यक्त की।

उन्होंने अध्यापकों के साथ बैठक में शैक्षिक गुणवत्ता, शोध कार्य और छात्रों के सर्वांगीण विकास पर विचार–विमर्श किया। इस दौरान शिक्षकों ने अपनी समस्याएं और सुझाव साझा किए, जिनपर सकारात्मक चर्चा हुई।

परीक्षा

मेडिकल में प्रवेश के लिए आज देशभर में कई केन्द्रों पर नीट पीजी परीक्षा आयोजित की गई। यह परीक्षा सवेरे 9 बजे से दोपहर साढे बारह बजे तक एक ही पाली में हुई। यह परीक्षा कंप्यूटर– आधारित थी।

इस बीच, उत्तराखंड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग ने आज प्रदेश भर के विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर पुलिस आरक्षी भर्ती के 2000 पदों पर लिखित परीक्षा का आयोजन किया। यह परीक्षा सुबह 11 बजे से दोपहर एक बजे तक एक पाली में संपन्न हुई। इस भर्ती के लिए 24 फरवरी से चार अप्रैल के बीच शारीरिक मापजोख और दक्षता परीक्षा कराई गई थी।

पिंजरे में कैद गुलदार

पौड़ी जिले के श्रीनगर तहसील क्षेत्रांतर्गत गौशाला के समीप लगाये गये पिंजरे में कैद हुए नर गुलदार के नमूने जाँच के लिए फॉरेन्सिक लैब भेजे जाएंगे। पिछले कुछ दिनों से श्रीनगर नगर निगम के गंगा दर्शन और गौशाला के आसपास गुलदार के सक्रिय होने की सूचना मिल रही थी। गुलदार तीन लोगों पर हमला भी कर चुका है। जिससे स्थानीय लोगों में भारी भय और असुरक्षा का माहौल था।

जिलाधिकारी स्वाति एस भदौरिया के निर्देशों के क्रम में लगातार निगरानी और प्रयासों के बाद शनिवार सुबह यह गुलदार पिंजरे में फंस गया। गुलदार के पकड़ में आने की खबर से स्थानीय लोगों ने राहत की सांस ली, लेकिन वन विभाग ने अभी भी सतर्कता बरतने की अपील की है।

डीएफओ स्वप्निल अनिरुद्ध ने कहा कि गुलदार पकड़े जाने के बावजूद लोग अभी भी सतर्कता बरतें। सुबह–शाम की वॉक या अन्य किसी गतिविधि के दौरान अकेले न निकलें और विशेषकर अंधेरे वाले क्षेत्रों से बचें।

मौसम

मौसम विभाग ने आज देहरादून, बागेश्वर और नैनीताल जिलों में मूसलाधार बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। टिहरी, पौड़ी, पिथौरागढ़, अल्मोड़ा, उधमसिंह नगर और चंपावत जिलों में बारिश का येलो अलर्ट जारी किया गया है। शेष जिलों में भी बारिश के आसार बने हुए हैं। विभाग के अनुसार 9 अगस्त तक राज्य के अधिकांश जिलों में बारिश के आसार बने हुए हैं। राजधानी देहरादून में बादल छाए हुए हैं और रुकरुक कर हल्की से मध्यम बारिश हो रही है।

देहरादून नगर निगम

देहरादून नगर निगम ने अब बरसात के कारण छोटे बड़े नालों में जमा कचरे की सफाई शुरू कर दी है। सफाई के दौरान निकले कचरे को एक भीत्रित करके डंपिंग ग्राउंड ले जाया जा रहा है, ताकि नदी नालों में जलभराव की समस्या न हो। अपर जिलाधिकारी केके मिश्रा ने बताया कि निगम ने बड़े नालों की सफाई के लिए जेसीबी मशीन व छोटे नालों की सफाई के लिए सफाई कर्मचारियों लगाए गए हैं, जो नालियों में जमा कचरे की सफाई में जुटे है। इस दौरान नाले में फंसा टनों कचरा निकालकर डंपिंग जोन में डिस्पोज किया गया।

सीवरेज योजना

'पिथौरागढ़ जिले के नगर क्षेत्र में संचालित 45 करोड़ 89 लाख रुपये की अनुरक्षणाधीन सीवरेज योजना और प्रस्तावित सीवरेज योजनाओ पर तेजी से काम चल रहा है। इस संबंध में जिलाधिकारी विनोद गोस्वामी की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गयी। बैठक में बताया गया कि संचालित योजना से 3 हजार 84 परिवार लाभान्वित होंगे।